## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय से समाप्त हो चुका है और जिन्होंने आज तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। निर्माण श्रमिक अपनी पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया श्रमेव जयते मोबाईल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकेंगे। वहीं 31 दिसंबर 2024 के बाद जिनका पंजीकरण नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में 12 हजार 680 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 139 उपार्जन केंद्रों से 964 करोड़ 43 लाख रुपए लागत के 4 लाख 19 हजार 167 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं शनिवार को जिले में 29 करोड़ 17 लाख रुपए कीमत की 3624 किसानों से 12 हजार 680 टन धान खरीदी की गई।

### मुझे मोबाइल चोरी के केस में फंसा रही पुलिस, कैमरे की जांच में खुलेगी पोल



**रायपुर।** अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एलएलबी की छात्रा ने पुलिस पर मोबाइल चोरी के झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा प्रेमा (जोया) साहू ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 24 दिसंबर को थाने से आए पुलिस बल मुझे जबरिया गाड़ी में बैठाकर थाने लेकर गया। थाने में एक पुलिस कर्मी ने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। उसकी बात नहीं मानने पर झूठे केस में बदनाम किया जा रहा है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि जिस समय मुझे घर से जबरिया घसीटते हुए गाड़ी में बैठाया गया, उस समय उनके साथ एक भी महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। थाने में पुलिस कर्मियों ने बाल को पकड़ते हुए घसीटा व मारा। थाना प्रभारी के कहने पर एक पुलिस कर्मी मुझे एक अलग कमरे में ले गया। वहां उसने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। आपत्ति करने पर जेल भेजने की धमकी दी। कोर्ट से जमानत लेने की स्थिति पैदा की और गलत न्यूज प्रसारित करके बदनाम किया गया। मामले को लेकर अब समाज के साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा से शिकायत की है। थाने में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की जांच भी कराई जाए, इससे पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की पोल खुलेगी। यह मांग सभी जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है।

### सोंढूर परियोजना के कार्यों के लिए 7.97 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा की सोंढूर परियोजना के अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के जांगड़ा वितरक नहर व उसकी केशली एवं मुड़पार माईनर के रिमाडलिग-सीसी लाइनिंग कार्य के लिए 7 करोड़ 97 लाख 27 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

## निधन

### केदार नाथ साहू



**पलारी।** खरतोरा के प्रतिष्ठित व्यापारी केदार नाथ साहू उम्र 37 वर्ष का आज निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्नेहीजन सहित ग्रामवासी शामिल हुए। वे डा.केशव ,शोभा,ओमप्रकाश,भूपेंद्र, साहू के भांचा तथा खिलेंद साक्षी,काजल साहू के पिता थे।

# श्रीराम और भरत के भातृत्व प्रेम का भावमय वर्णन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

संगीतमयी श्रीरामकथा महोत्सव के छठवें दिन नगर भवन में मानस विदुषी देवी चन्द्रकला द्वारा भगवान श्रीराम और उनके भाई भरत के भातृत्व प्रेम पर आधारित प्रसंगका मार्मिक वर्णन किया। श्रद्धालुगण श्रीराम के प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के प्रसंग सुनकर भावविभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि यह प्रसंग भारतीय संस्कृति में पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों की पवित्रता को समझने का एक अमूल्य उदाहरण है। भरत का श्रीराम के लिए समर्पण, वनगमन के बावजूद अयोध्या के राजकाज को राम की पादुका के माध्यम से संचालित करना, और राम का अपने भाइयों के प्रति स्नेह,ये सभी बातें श्रद्धालुओं को अपने जीवन में अपनाने योग्य प्रेरणा प्रदान करती हैं।

- संगीतमयी श्री रामकथा महोत्सव का छठवां दिन

### रिश्तों की पवित्रता को समझने का एक अमूल्य उदाहरणः देवी चन्द्रकला



#### विधायक सहित अन्य भी पहुंचे कथा सुनने

रामकथा में आरंग के विधायक गुरु खुशवंत सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कसडोल विधायक संदीप साहू, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के स्टार एवं भाजपा नेता राजेश अवस्थी के साथ हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक आयोजन में उपस्थित रहकर कथा का श्रवण किया।

#### भगवान श्रीराम का आज होगा राज्याभिषेक

सोमवार को, भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। आज सोमवार को कथा के समापन दिवस पर श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील आयोजक समिति द्वारा की गई।

**समस्या : ग्राम असनींद, कुर्राहा, हटौद, बैगनडबरी, बिलारी में लगाते हैं ग्रीष्मकालीन फसल**

# किसानों ने रबी फसल के लिए मांगा पानी, विधायक को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

क्षेत्र के दर्जनभर से ज्यादा किसान अपनी समस्याओं को लेकर कसडोल निवास में विधायक संदीप साहू से रविवार को मुलाकात की। किसानों से विधायक से बलार बांध से ग्रीष्मकालीन फसल के पानी दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

विधायक श्री साहू से मिलकर कृषकों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन फसल धान व गेहूं लगाते हैं। फसल के लिए हमें बलार जलाशय से पानी की आवश्यकता होती है। ग्राम असनींद, कुर्राहा, हटौद, बैगनडबरी, बिलारी सहित अन्य सभी गांव के लोग ग्रीष्मकालीन फसल लगाते हैं। इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी आपके प्रयास से हम कृषकों को रबी फसल के लिए बलार बांध से पानी प्रदाय किया गया था। जिससे अंचल के समस्त कृषकगण लाभान्वित हुए थे, वही इस वर्ष भी बलार बांध में 27 फीट पानी शेष है पुनः इस साल भी 2025 में रबी धान की फसल लेना चाहते है। हमने ग्रीष्मकालीन धान के लिए बलार बोध से सिंचाई हेतु पानी दिलाने की मांग विधायक संदीप साहू से की है। विधायक संदीप साहू ने किसानों की समस्या को देखते हुए तत्काल जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता नरेंद्र पांडेय से बात की। उन्होंने कार्यपालन अभियंता को किसानों की पानी की समस्या को दूर करने की बात कही। साथ ही इस मांग को लेकर कलेक्टर से बात करने और हर हाल में पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है।

### बलार बांध से सिंचाई के लिए पानी दिलाने की रखी मांग



#### पलायन पर लगती है रोक

इधर पानी की मांग करने पहुँचे किसान एवं पूर्व सरपंच मनीराम जायसवाल ने कहा कि विधायक के प्रयास से पूर्व वर्ष किसानों को पानी मिला था। जिससे किसान रवि फसल लगाकर आमदनी कमाये थे। साथ ही क्षेत्र में काफी हद तक पलायन भी रुका था। लेकिन किसानों के पास काम और खेती किसानी का कार्य नहीं होने के कारण क्षेत्र के मजदूर और किसान पलायन के लिए मजबूर हो जाते हैं। इसलिए सरकार को किसानहित में पानी मुहैया कराना चाहिए जिससे किसान खुशहाल और पलायन रुक सकें।

# मुरा में एक दिवसीय मेला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम मुरा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुआ। गुरु खुसवत साहेब विधायक आरंग विधानसभा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रधिकरण ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद एवं अनुकम्पा से आज हर गांव–हर शहर में गुरु प्रकाश पर्व एवं सतनाम शोभायात्र का भव्य एवं दिव्य आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग , नवीन अग्रवाल, शिव शंकर वर्मा सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष फनेद्र भूषण वर्मा , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डुमेद्र साहू ,टोकेन्द्र गायकवाड़ सभापति प्रतिनिधि लकेश्वर कोशले सामजिक कार्यकर्ता सन्तु लहरे, मोहरदास कोशले, रिंकु गायकवाड़, छोटेलाल चेलक, दानिराम कोशले, कंचन टोकेन्द्र गायकवाड़ सभापति जनपद पंचायत तिल्दानूतन सुजीत कोशले सरपंच ग्राम पंचायत मुरा पुष्पा साहू उपसरपंच, दुर्गेश्वरी वर्मा, गेसा बाई सोनवानी, रेशम वर्मा , खूबचंद वर्मा सूर्या चेलक जनपद सभापति प्रतिनिधि अनिल सोनवानी, तिलक साहू, सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# रासेयो से व्यक्तित्व विकास व चरित्र निर्माण की मिलती है शिक्षाः संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक रोहांसी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसके तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में रोहासी स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष लोकेश्वरचंद कन्नौजे एवं मुख्य वक्त संदीप पांडे जिला सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना ने शामिल होकर कहा कि रासेयो से व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण की शिक्षा मिलती है। छात्र छात्राएं शिविर में शामिल होकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का माध्यम है। साथ ही साथ श्री पांडे ने रक्तदान से संबंधित पशु चिकित्सा मोबाइल क्रांति एवं जीवन का और आगे भविष्य में पढ़ाई के बाद क्या करना है, इसके बारे में जानकारी दी गई। वन विभाग से मनबोध टण्डन ने ध्यानयोग एवं पढ़ाई में ध्यान देने की बात कही। वन समिति के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने वन्य जीव जंतु के संरक्षण व वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक प्रतिनिधि महाविद्यालय पलारी पिंटू वर्मा कहा कि शिविर चाहे वो किसी भी कितने ही दिनों के हो प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ होते हैं। किसी भी क्षेत्र में बेहतर बनने के लिए प्रशिक्षण अति आवश्यक है।

- स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक रोहांसी का सात दिवसीय शिविर
- विभिन्न गतिविधियों से प्रतिभाओं को सामने लाने का माध्यम भी



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी दिनेश साहू, सहायक योगेश गेंड्रे,ईश्वरी साहू, तुमंन रात्रे, अंजू साहू, भुवनेश्वरी आनन्द, रिया साहू, लूकेश साहू,वंदना साहू, सहित रासेयो के शिवरार्थी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर स्थानीय कांग्रेस भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी।

स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित शोकसभा में विधायक इंद्र साव ने कहा कि हमने एक ऐसे नेता को खो दिया है जिसने अपने नाम का लोहा पूरे विश्व में मनाया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपार बुद्धि और ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया, हमने एक और मार्गदर्शक खो दिया है। हममें से लाखों लोग जो उनके प्रशंसक थे, उन्हें अत्यंत गर्व के साथ याद करेंगे। श्री साव ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनकी विशिष्ट सेवा और असाधारण योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा्र।

- उनकी विशिष्ट सेवा और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा : विधायक इंद्र



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव, ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा,रोशन हबलानी,राजकुमार शर्मा,राधेश्याम शर्मा,आलोक मिश्रा,नानू सोनी,संजय बघेल,मोहन केशरवानी गोपाल शर्मा, राजा तिवारी,मनमोहन निषाद, धनंजय तिवारी, शैलेन्द्र अहिरवार,शरीफ खान,मनहरण वर्मा,राजेश जगवानी, लक्ष्मी पाण्डेय,अशोक तिवारी,अशोक तिवाड़ी, सचिंद्र शर्मा,शादाब जलियांवाला,पूर्णिमा श्रीवास, दानी भाट मनीष पंजवानी, राजेंद्र वर्मा घनाराम साहू, पुरुषोत्तम साहू,ईश्वर सेन,संजय सेन,नदीम भाटी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### क्रिकेट प्रतियोगिता में अकलतरा टीम विजेता

**सिमगा।** ग्राम पंचायत करहूल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच खेल गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सिमगा के सभापति गंगा प्रसाद ओगरे शामिल हुए। फाइनल मैच अकलतरा एवं करहुल के बीच खेला गया। जिसमें अकलतरा की टीम विजेता रही, उपविजेता करहुल की टीम रही। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। उक्त मौके पर गीतेश बंजारे, राजेश भारती, उदय घृतलहरें, रोशन साहू, रिंकू साहू, घनश्याम साहू, आशीष निषाद सहित ग्रामीण एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

**10 डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ स्थल पर रहा तैनात**

# लवन शिविर में 425 मरीज का किया निशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

गुरु घासीदास सांसकृतिक भवन में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वर्गीय रेशम लाल घिडले के स्मृति में किया गया। जिसमें लवन नगर सहित अंचल के ग्रामों से पहुंचे कुल 425 मरीजों का उपचार निशुल्क किया गया। लवन निवासी डॉक्टर जीवन लाल घिडले पेट रोग विशेषज्ञ भिलाई स्थित सेक्टर 9 में कार्यरत हैं वह अपने पिता स्वर्गीय रेशम लाल घिडले के स्मृति में आज निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में शिशु रोग, लिवर रोग, शुगर रोग, मेडिसिन आंख रोग अल्सर पेट रोग हड्डी रोग छाती रोग नाक कान गला के विशेषज्ञ चिकित्सक भिलाई से यहां पहुंचे हुए थे। लगभग 10 चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स के साथ विभिन्न विभाग के माध्यम से स्थानीय सतनामी समाज के लोगों के सहयोग से यह निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर जीवन लाल घिडले डॉ जितेंद्र चौहान डॉक्टर अखिलधर बनर्जी डॉक्टर अनिल निकोसे डॉक्टर इमानुएल मासी डॉक्टर गौरव व्यास डॉक्टर बंजारे डॉक्टर निधि गजेंद्र महिलागे सहित विभाग के कुल 18 चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा बीपी शुगर से लेकर निशुल्क दवाई वितरण किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में लवन नगर के सतनामी समाज प्रमुख भरत लाल मनहरे डंकु कातरे सुरेंद्र बघेल येसुदास निराला गौतम कातरे पार्वती मोनिका निराला दीपेश बार्वे अजय बार्वे विजय बनवारी पंकज प्रकाश भूपेंद्र अशोक कुमार विश्वजीत धर्मेंद्र अनंत डेबिट गायकवाड चुम्मन दीपावली यामिनी करण अंजू मनोहर शत्रुघ्न मनहरे सहित अनेक लोग मरीज को पंजीयन करने महिला व पुरुष अलग–अलग काउंटर रखकर डॉक्टर तक पहुंचाने का सहयोग करते दिखे।



#### दान में दिया एक लाख रुपए नकद

नगर अध्यक्ष लवन नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे ने आज आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचकर चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉक्टर जीवन घिडले ने अपने पिता स्वर्गीय रेशम लाल घिडले के स्मृति में लवन सतनामी समाज को एक लाख नकद दान में दिया। सतनामी समाज के लोगों ने बताया कि उक्त राशि से बाबा गुरु घासीदास जैत स्तंभ के पास शेड निर्माण किया जाएगा।

